मारपीट में चार घायल, शिक्षिका की मौत

कलवारी,हरैया(बस्ती)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ताहिरपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट में एक शिक्षिका समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान शिक्षिका सुधा की मौत हो गई। तीन अन्य घायलों का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार लक्ष्मी देवी निवासी बैजलपुर थाना कलवारी का मायका ताहिरपुर में है। उनके मायके में लक्ष्मी प्रतिमा की स्थापना की गई थी। इसी सिलसिले में वह मायके आ रही थीं। इस दौरान वह सुधा के दरवाजे के सामने से जा रहीं थीं।वहाँ पर कहासुनी हो गई। इसके बाद लक्ष्मी देवी ने फोन कर अपने मायके पक्ष के लोगों को बुला लिया। कहासुनी के दौरान ही



मारपीट शुरू हो गई जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान सुधा की मौत हो गई। विवाद की जड़ पुरानी जमीनी रंजिश बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि आरटीआई को लेकर भी दोनों पक्षों के बीच पहले से विरोध चल रहा था। इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। तभी बाद लक्ष्मी देवी ने फोन कर अपने मायके पक्ष के लोगों को बुला लिया। कहासुनी के दौरान ही मारपीट शुरू हो गई जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान सुधा की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अन्य घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है। अभी तक मामले में तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और मारपीट में शामिल लोगों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।

सपा नेता पर लोहे की रॉड से हमला, हालत गंभीर

बस्ती। थाना नगर क्षेत्र के ग्राम अठदमा में रविवार शाम कुछ लोगों ने सपा नेता पर जानलेवा हमला कर दिया, इसमें सपा नेता को गंभीर चोटें आई है। हमलावरों ने लोहे की रॉड और कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के बाद वह मौके पर अचेत हो गया। शिकायतकर्ता श्यामनरायन शुक्ल पुत्र स्व. परमेश्वरदीन शुक्ल, निवासी ग्राम गोयरी, थाना नगर ने बताया कि वे लगभग शाम 6 बजे ग्राम पंचायत अठदमा के राजस्व ग्राम जसईपुर स्थित ओमप्रकाश पाठक के घर निमंत्रण पर गए थे। वापसी के दौरान करीब साढ़े सात बजे ग्राम अठदमा में गुड़ियवा तालाब के पूर्व में सुभम पाठक, रामेश्वर पाठक, सुन्दरम पाठक (तीनों पुत्र अवधेश पाठक) तथा अवधेश पाठक पुत्र स्व. विद्याप्रसाद (निवासी जसईपुर) और 2-3 अज्ञात व्यक्ति घात लगाए बैठे थे। अचानक अवधेश पाठक ने श्यामनरायन शुक्ल के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस दौरान उनके साथ अश्वनी शुक्ला पुत्र पवन कुमार शुक्ला भी थे। दोनों गिर पड़े। रामेश्वर पाठक के ललकारने पर सुभम पाठक ने कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे भारी रक्तस्राव हुआ और श्यामनरायन शुक्ल मौके पर अचेत हो गए। शिकायतकर्ता ने थाना नगर में प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सड़क हादसे में इकलौते बेटे की मौत

बस्ती। गौर थाना क्षेत्र के आमा गांव के पास रविवार को दर्दनाक सड़क हा''दसे में बाइक सवार एक युवक की मौ'' त हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से अनियंत्रित हुई बाइक सड़क किनारे बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं।जानकारी के अनुसार, युवक बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान आमा गांव के पास उसकी बाइक की अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा भिड़ी। बताया जा रहा है कि युवक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिसके चलते उसके सिर में गंभीर चोटें आईं।हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।युवक की मौत की खबर से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

◆अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, पोल से भिड़ा युवक, अस्पताल में तोड़ा दम

मत्स्य विभाग के अधिकारी संदीप कुमार वर्मा का स्थानांतरण

बस्ती।मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप कुमार वर्मा का स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थानांतरण को निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज निषाद द्वारा प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद से की गई शिकायत से जोड़कर देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज निषाद ने कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि मत्स्य विभाग के अधिकारी संदीप कुमार वर्मा पिछले करीब 10 वर्षों से जनपद बस्ती में कार्यरत हैं। उन्होंने अधिकारी पर अपने पद का मनमाने ढंग से इस्तेमाल करने और मत्स्यजीवी समुदाय के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया था।

शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया था कि मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के माध्यम से तालाबों के आवंटन में पात्र समितियों के साथ अन्याय किया जा रहा है। इससे मछुआरा समाज में नाराजगी और रोष व्याप्त था। धर्मराज निषाद ने कैबिनेट मंत्री से मांग की थी कि लंबे समय से एक ही जनपद में तैनात अधिकारी का स्थानांतरण किसी अन्य जनपद में कराया जाए, ताकि मत्स्यजीवी समाज को न्याय मिल सके और सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र लोगों तक पहुंच सके।

अब संदीप कुमार वर्मा के बस्ती से स्थानांतरण होने के बाद निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज निषाद की शिकायत और मांग को इस कार्रवाई से जोड़कर देखा जा रहा है।

इस संबंध में धर्मराज निषाद का कहना है कि कोई भी अधिकारी यदि गरीबों, वंचितों और समाज के लोगों को परेशान करने या उनका उत्पीड़न करने का प्रयास करेगा तो इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम अपने समाज के हक और अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे तथा समाज को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। कहा कि समाज के हितों के साथ खिलवाड़ करने वाले अधिकारियों के खिलाफ आवाज उठाना जारी रहेगा। किसी भी अधिकारी को मनमानी करने की छूट नहीं दी जाएगी। निषाद समाज के साथ ही सर्व समाज के पात्र लोगों को उनका अधिकार दिलाना उनकी प्राथमिकता है। धर्मराज निषाद ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी अधिकारी का व्यक्तिगत विरोध करना नहीं, बल्कि व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित कराना और समाज के लोगों को न्याय दिलाना है।

डा अम्बेडकर की प्रतिमा खंडित, विवाद, दूसरी बड़ी मूर्ति लगाई गई

बभनान बस्ती पैकोलिया थाना क्षेत्र के रेवटा हरिसरन शुक्ल गांव में सोमवार सुबह उस समय विवाद हो गया जब गांव के बीच सड़क से सटे डा भीमराव अम्बेडकर की तकरीबन डेढ़ फुट की प्रतिमा को किसी ने खंडित कर छिपा दिया था।जब इसकी जानकारी गांव के लोगों को हुई तो सूचना इसकी सूचना स्थानीय को दी गई। पुलिस मौके पर तुरंत पहुंची । जिससे लोगों में अफरातफरी मच गई।

पुलिस ने इसकी जानकारी ऊपर साझा किया तो उप जिलाधिकारी हरैया क्षेत्राधिकारी हरैया तहसीलदार सहित स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर पड़ताल किया। दूसरी तरफ ?डा भीमराव अम्बेडकर के समर्थक काफी संख्या में लामबंद होकर घटना स्थल पहुंच कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। मौजूद पुलिस बल लोगों की भावनाओं को टटोलने लगी। गांव के जटाशंकर पटेल ने पुलिस को अज्ञात में शिकायत दर्ज कराई।इधर भीम आर्मी सहित बहुजन समाज पार्टी के जिला स्तरीय लोगों ने अपनी दस्तक देकर प्रशासन पर दबाव बनाने लगे। मूर्ति लगाने तथा दोषी पर कार्यवाही का मुद्दा उठाया। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्राम प्रधान अरूण कुमार दुबे ?के सहयोग से पुरानी मूर्ति से काफी बड़ी प्रतिमा डा भीमराव अम्बेडकर देर शाम लगवा कर राहत की सांस ली ।

चोरों के निशाने पर सरकारी स्कूल,पुलिस गश्त पर उठे सवाल

श्रृंगीनारी,हरैया(बस्ती)। परशुरामपुर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद नजर आ रहे हैं कि अब सरकारी विद्यालय भी उनके निशाने से सुरक्षित नहीं रह गए हैं। बीती रात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय सोनहटी और परसपुर को निशाना बनाते हुए दोनों विद्यालयों के ताले तोड़ दिए और वहां रखा राशन, भगोना तथा गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गए। सुबह विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों को चोरी की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया।

सूत्रों के अनुसार यह कोई पहली घटना नहीं है। दीपावली के दौरान प्राथमिक विद्यालय गौरा गोसाईं में भी चोरी की वारदात हो चुकी है। इसके अलावा बीते एक पखवाड़े के भीतर सीआईएसएफ जवान के पैतृक आवास सहित कई स्थानों पर चोरी की घटनाएं सामने आने से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल है।लगातार हो रही इन घटनाओं ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोर एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं, जबकि सरकारी विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था मानो चोरों के रहमोकरम पर छोड़ दी गई है।



अब सवाल यह है कि आखिर विद्यालयों में रखे सरकारी सामान की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है।क्षेत्र में लोगों के बीच तंज भरी चर्चा है कि 'चोर चुस्त और पुलिस सुस्त'। हालांकि पुलिस की कार्रवाई और रात्रि गश्त को लेकर आधिकारिक स्थिति सामने आना बाकी है लेकिन लगातार घटनाओं ने पुलिस के सामने चुनौती जरूर खड़ी कर दी है। अब निगाहें परशुरामपुर पुलिस पर टिकी हैं। देखना यह है कि पुलिस इन चोरी की घटनाओं का खुलासा कर चोरों पर शिकंजा कसती है या फिर सरकारी विद्यालयों के टूटते ताले और चोरी होता सामान यूं ही व्यवस्था की नींद तोड़ने के बजाय सवाल बनकर रह जाएंगे?

बाबा साहब डा. अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस 6 दिसम्बर को ,लखनऊ कूंच करेंगे बसपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता

बस्ती। मंगलवार को महादेवा विधानसभा क्षेत्र के सिल्हो (भीरवा) में बहुजन समाज पार्टी की ओर से सामाजिक पिछड़ा वर्ग भाईचारा की बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व पिछड़ा वर्ग भाईचारा के सहसंयोजक अभय पटेल सिल्हो ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 6 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं और समर्थकों को एकजुट करना रहा।बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सामाजिक पिछड़ा वर्ग भाईचारा के कई मंडलों के मुख्य मंडल संयोजक एडवोकेट भीम राजभर ने कहा कि 6 दिसम्बर को बस्ती सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में लोग लखनऊ पहुंचें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। कहा कि कार्यक्रम में बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के विचारों को सुनें तथा बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित



करें। उन्होंने पिछड़ा वर्ग के लोगों से विशेष रूप से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील की।

साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पक्ष में मतदान कर पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन कर रहे सामाजिक पिछड़ा वर्ग भाईचारा के जिला संयोजक के.सी. मौर्य ने कहा कि बस्ती से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों को 6 दिसंबर को लखनऊ पहुंचना है। सभी लोग एकजुट होकर कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाएं तथा बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित करें। उन्होंने बसपा सरकार के कार्यकाल में पिछड़ा वर्ग के हितों के लिए किए गए कार्यों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक की अध्यक्षता रामचेत निराला ने की। वहीं बैठक के नेतृत्वकर्ता अभय पटेल सिल्हो ने कहा कि बस्ती से बड़ी संख्या में लोग 6 दिसंबर को लखनऊ पहुंचेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आवाहन किया।बैठक में आशुतोष सिंह, सुरेंद्र आजाद, अश्वनी कुमार शर्मा, अनुराग चैधरी, राधेश्याम चैधरी, रंजीत विश्वकर्मा, रामचरित चैधरी, उत्तम, विनय वर्मा, कौशलेंद्र वर्मा, रविंद्र गौतम, निर्मला प्रसाद, हीरालाल, सतगुरु प्रसाद, रामकिशोर, आज्ञाराम चैधरी, राम रतन चैधरी, पलटू राम वर्मा, राम अवध, गुरु प्रसाद, जयप्रकाश, रामकृष्ण, सुग्रीव, पंकज प्रताप राणा, सिद्धार्थ, सत्य प्रकाश और राजन राजभर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने हेतु पात्र नागरिक ऑनलाइन माध्यमों से भी कर सकते हैं आवेदन

बस्ती। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने हेतु पात्र नागरिकों द्वारा ऑफलाइन के अतिरिक्त ऑनलाइन माध्यमों से भी आवेदन किया जाता है। उक्त जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञान चन्द्र गुप्ता ने बताया है कि आवेदकों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से फार्म-6 जमा करने पर मोबाइल नम्बर पर रेफरेन्स नम्बर की सूचना प्राप्त न होने की दशा में एक से अधिक बार आवेदन कर दिया जाता है, जिसके कारण एक से अधिक प्रविष्टियों की समस्या उत्पन्न हो रही है।उन्होने इस सम्बन्ध में कहा है कि पात्र नागरिकों द्वारा स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से भरे जाने वाले फार्म-6 की एक से अधिक प्रविष्टियों को रोकने के संदर्भ में जन सुविधा केन्द्रों के संचालकों को संलग्न एस.ओ.पी. के अनुसार निम्न बिन्दुओं पर प्रशिक्षित किया जाना अपेक्षित है:। उन्होने बताया कि फार्म-6 भरते समय फार्म पर आवेदक अथवा उसके संबंधी का मोबाइल नम्बर अकित किया जा सकता है। आवेदक द्वारा फार्म 6 में भरा जाने वाला मोबाइल नम्बर एवं आधार लिंक मोबाइल नम्बर अलग-अलग हो सकता है। फार्म-6 सबमिट होने पर रेफरेंस नम्बर उसी मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होता है, जो फार्म-6 में अंकित किया गया है। भविष्य में इस रेफरेंस नम्बर की सहायता से आवेदन को ट्रैक भी किया जा सकता है।उन्होने बताया कि यदि आवेदक का फार्म जन सुविधा केन्द्र के संचालक द्वारा भरा जा रहा है तो संचालक द्वारा फार्म भरते समय सम्बन्धित आवेदक का वास्तविक, सक्रिय मोबाइल नम्बर ही फार्म म अकित किया जाए, जिससे कि सम्बन्धित आवेदक के मोबाइल नम्बर पर फार्म सबमिट होने संबंधी सूचना प्राप्त हो जाए। जन सुविधा केन्द्र के संचालक द्वारा अपना स्वयं का मोबाइल नम्बर अथवा कोई काल्पनिक या गलत मोबाइल नम्बर आवेदक के मोबाइल नम्बर के स्थान पर कदापि अंकित नहीं किया जाना चाहिए।उन्होन बताया कि कभी-कभी नेटवर्क की समस्या होने के कारण फार्म-6 में भरे गये मोबाइल नम्बर पर रेफरेंस नम्बर की सूचना प्राप्त नहीं होती है। फार्म ई-साइन होने के पश्चात् फार्म का रेफरेन्स नम्बर स्क्रीन पर भी प्रदर्शित होता है। अत: आवेदक के मोबाइल नम्बर पर सूचना प्राप्त न होने की स्थिति में स्क्रीन पर प्रदर्शित रेफरेन्स नम्बर का स्क्रीन शॉट लिया जाए अथवा रेफरेन्स नम्बर नोट कर आवेदक से साझा किया जाए, जिससे कि सम्बन्धित आवेदक के समान फार्म भरे जाने की पुनरावृत्ति न हो और आवेदक द्वारा अपने आवेदन की स्थिति भी ज्ञात की जा सके।उन्होने बताया कि मतदाता फोटो पहचान पत्र डाक विभाग द्वारा स्पीड पोस्ट के माध्यम से मतदाताओं को भेजा जाता है। फार्म में निवास का पता अपूर्ण अथवा गलत पिन कोड भरे जाने की स्थिति में डाक विभाग द्वारा इस प्रकार के मतदाता पहचान पत्र वापस कर दिये जाते हैं, अत: फार्म-6 भरते समय आवेदक द्वारा निवास का पूरा पता सही पिन कोड के साथ दिया जाना आवश्यक है, जिससे मतदाता को मतदाता पहचान पत्र सही पते पर ससमय प्राप्त हो सके।उन्होने बताया कि आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने की पुष्टि संबंधी सूचना रेफरेंस नम्बर सहित आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होती है। रेफरेंस नम्बर की सहायता से भविष्य में आवेदन की स्थिति को ट्रैक किया जा सकता है। यदि आवेदन में पता, फोटो, आयु प्रमाणपत्र अथवा अन्य जानकारी के संबंध में अतिरिक्त दस्तावेजों की आवश्यकता होती है तो आवेदक द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर समय से सूचित किया जा सकता है। मतदाता द्वारा रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर की सहायता से अपना म.म्ब्ब् कभी भी और कहीं भी डाउनलोड किया जा सकता है। समस्त बूथ लेवल अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा भी इस तथ्य का विशेष ध्यान रखा जाए कि किसी भी आवेदक के फार्म-6 की एक से अधिक प्रविष्टि न होने पाए।

रंग लाई सांसद राम प्रसाद चौधरी की पहल, अब बस्ती में होगी सी.टी.ई.टी. परीक्षा

बस्ती। समाजवादी पार्टी के सांसद राम प्रसाद चौधरी की पहल रंग लाई है, अब बस्ती में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा सी.टी.ई.टी. का परीक्षा केंद्र बनाया जायेगा। इससे बस्ती सहित आसपास के जनपदों के हजारों अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिलेगी।

सांसद राम प्रसाद चैधरी ने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयन्ती चैधरी ने उन्हें पत्र भेजकर कहा है कि आगामी दिसम्बर 2026 में होने वाली सी.टी.ई.टी. परीक्षा बस्ती में भी होगी।ज्ञात रहे कि बस्ती में परीक्षा केंद्र न होने के कारण अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिए गोरखपुर, लखनऊ अथवा वाराणसी जैसे दूरस्थ जनपदों में जाना पड़ता है।



इससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। खासकर महिला एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को आवागमन और ठहरने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।सांसद ने अपने पत्र में यह भी कहा था कि बस्ती जनपद में परीक्षा केंद्र के संचालन के लिए पर्याप्त शिक्षण संस्थान, सुगम यातायात व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं।

ऐसे में यहां सी.टी.इ.टी. परीक्षा केंद्र स्थापित करना पूरी तरह उपयुक्त और व्यावहारिक है। सांसद की इस पहल के बाद अब बस्ती में सी.टी.ई.टी. परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाने की मांग पूरी होने से अभ्यर्थियों में खुशी की लहर है। इससे न केवल बस्ती बल्कि सिद्धार्थनगर और संत कबीर नगर के युवाओं को भी परीक्षा देने के लिए दूर-दराज के शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

समाजवादी शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष डा. सुरेन्द्र प्रसाद चैधरी ने बताया कि सी.टी.इ.टी. परीक्षा देने के लिये छात्रों को दूर दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता था और उन्हें असुविधा होती थी, इसे देखते हुये उन्होने सांसद राम प्रसाद चौधरी को पत्र दिया था, इसे सांसद ने गंभीरता से लिया और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को अपने स्तर से पत्र भेजा। इसे स्वीकार कर लिया गया है।यह पहल सराहनीय है।

पीएम श्री विद्यालय देवमी में 2 हजार दीपों से जगमगाया परिसर, प्रतियोगिताओं के साथ मनाया गया दीपोत्सव

बस्ती।बनकटी विकासखंड के पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय देवमी में 8 नवंबर को दीपोत्सव कार्यक्रम धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मोहम्मद इकबाल द्वारा लगातार 36 वर्षों से प्रतिवर्ष दीपावली कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी विद्यालय परिसर को छात्र-छात्राओं ने करीब दो हजार दीपों से सजाकर रोशनी से जगमगा दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद चैधरी तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी, पूर्व सभासद एवं चन्द्रगुप्त मौर्य पीजी कॉलेज मथैली के प्रबंधक डॉ. अनिल कुमार मौर्य रहे। प्रबंध समिति की अध्यक्ष रंजना देवी की उपस्थिति में रंगोली सजाओ, पोस्टर बनाओ, मटका सजाओ, दीप सजाओ एवं सेल्फी स्टैंड निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अतिथियों ने बच्चों की कलात्मक प्रतिभा और आकर्षक रंगोलियों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया।

रंगोली प्रतियोगिता में निधि, खुशी, खुशबू, दीपिका, अर्पिता और नंदनी की टीम ने प्रथम, रोशनी, जासिका, जूली, इकरा, अंजली, सना और किरन की टीम



ने द्वितीय तथा हंसी, रचना, नेहा, सोनाक्षी, सुशीला और किरन की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मटका एवं दीप सजाओ प्रतियोगिता में मुबसरा, कुलसुम, सबीहा, शालिनी और खुशबू की टीम प्रथम, खुशबू, निधि, अर्पिता और वंदना की टीम द्वितीय तथा अंजली, नंदनी, रागिनी और पूजा की टीम तृतीय स्थान पर रही। सेल्फी स्टैंड निर्माण में अभय कुमार और उमेश की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद चैधरी ने कहा कि इस तरह के रचनात्मक आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उनका सर्वांगीण विकास होता है। प्रधानाध्यापक मोहम्मद इकबाल ने बताया कि दीपावली प्रकाश, स्वच्छता और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में नगरवासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सामाजिक समरसता और जरूरतमंद परिवारों की खुशियों में सहभागिता रहा। प्रधानाध्यापक मोहम्मद इकबाल एवं अतिथियों ने घुमंतू जाति तथा कमजोर और वंचित परिवारों के बच्चों एवं उनके अभिभावकों को मिठाई, पटाखे, मोमबत्ती, दीये, लाई-गट्टा और अन्य सामग्री वितरित की। विद्यालय में कार्यरत रसोइयों मीरा, रंजना, अमरावती और मालती को भी मिठाई एवं वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पत्तियों से दीपक बनाने सहित विभिन्न कलात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने प्रदूषण मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने का संदेश दिया। विद्यालय में श्एक दीया बालिका शिक्षा के नामश्, एक दीया समग्र भारत विकास के नाम, एक दीया शहीदों के नामश् और श्एक दीया निपुण भारत के नाम भी जलाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा लक्ष्मी-गणेश की पूजा-अर्चना की गई।अर्पिता, खुशबू, अभय कुमार प्रजापति और अनुपम ने मां लक्ष्मी की मूर्ति तैयार कर उसे रंगों से सजाया। इनकी रचनात्मक प्रतिभा के लिए अर्पिता और खुशबू को मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद चैधरी एवं डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने पुरस्कृत किया।इस दौरान प्रधानाध्यापक मोहम्मद इकबाल ने रंगोली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रंगोली भारतीय संस्कृति की सुंदर कलात्मक अभिव्यक्ति है। इसे अल्पना भी कहा जाता है। रंगोली घर-आंगन की सुंदरता बढ़ाने के साथ शुभता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद चैधरी, डॉ. अनिल कुमार मौर्य, प्रबंध समिति अध्यक्ष रंजना देवी, मोहम्मद आरिफ, जयप्रकाश प्रजापति, आनंद, सौरभ, विद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी, प्रबंध समिति के सदस्य एवं अभिभावक मौजूद रहे। अंत में प्रधानाध्यापक मोहम्मद इकबाल ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए दीपावली के महत्व और परंपराओं की जानकारी दी।

खेत बचाओ अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

बस्ती। कप्तानगंज विकासखंड के सेठा न्यायपंचायत के गडहा गौतम गांव में खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष सिंचाई बंधु गजेंद्र मणि त्रिपाठी के द्वारा किया गया उन्होने कंहा कि किसानो के लिये सरकार तामाम योजनाये चला जिसका लाभ हर किसान तक पहुंच रहा है। चाहे वह किसान सम्मान निधि हो किसानो के लिये खाद बीज हर किसानो तक सरकार की योजनाओ का सरकार पहुंचा रही है। ,कार्यक्रम में शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने भी प्रतिभाग किया गया साथ ही साथ कृषि विज्ञान केंद्र बंजरिया के



वैज्ञानिक डॉ राघवेंद्र विक्रम सिंह , डाक्टर अंजली वर्मा , एडीओ एजी अरुण कुमार, एडीओ पीपी श्रवण सिंह बीटीएम राजेश कुमार ओझा के साथ साथ ही सैकड़ो कृषक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

बल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयन्ती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

बस्ती। लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय अखण्डता एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों की गतिविधियों का आयोजन किया जायेंगा। राष्ट्रीय एकीकरण विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम कलेण्डर के अनुसार जनपद में भी निर्धारित रूप रेखा के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

यह जानकारी देते हुए जिला विकास अधिकारी सुधील कुमार श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देषित किया है कि अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन कर कार्यक्रम को सफल बनायें।उन्होने बताया है कि नवम्बर 2026 में जनपद में भ्रमण करने वाली सचल (मोबाइल) प्रदर्षनी किसान एवं युवा षक्तिकरण सम्मेलन, दिसम्बर 2026 से मार्च 2027 तक अन्तर्राज्यीय लोक नृत्य एवं संगीत समारोह सरदार पटेल से प्रेरित उद्यमिता मेला, अप्रैल 2027 में राजधानी लखनऊ में एकता मसाल रीले, राज्य स्तरीय निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिता के फाइनल, मई 2027 में राजधानी लखनऊ में भारत एकता मैराथन, जून 2027 में वृहद वृक्षारोपण अभियान (एकता वन), जुलाई 2027 में सुरक्षा और एकता पर सरदार पटेल के दृष्टिकोण को लेकर पुलिस-नागरिक संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अगस्त 2027 में स्मारक प्रकाष सप्ताह सभी प्रमुख स्मारको को तिरंगे के रंगों से रोषन करना एवं सरदार पटेल के चित्र की प्रोजैक्षन मैपिंग का कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

12 नवंबर से प्रारम्भ होगी संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा

बांसी (सिद्धार्थनगर)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम महुआ खुर्द में 12 नवम्बर बृहस्पतिवार से संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। 22 नवम्बर रविवार तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। कथा का वाचन कथावाचिका आराधना देवी जी के मुखारविंद से किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन सायं काल छह बजे से हरि इच्छा तक निर्धारित किया गया है। आयोजन के मुख्य यजमान तीरथ पाण्डेय एवं उनकी पत्नी श्रीमती जयन्ती पाण्डेय हैं। कार्यक्रम के अनुसार 12 नवम्बर, गुरुवार को जलयात्रा, मंडप प्रवेश एवं समस्त देवी-देवताओं का आवाहन तथा श्रीमद्भागवत पाठ का शुभारंभ होगा। 13 से 17 नवंबर तक आमंत्रित देवी-देवताओं का पूजन, भागवत पाठ एवं कथा श्रवण के साथ श्रीमद्भागवत में वर्णित श्लोकों का पाठ किया जाएगा। 18 नवम्बर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 19 नवम्बर को गोवर्धन पूजा एवं कंस वध की कथा, 20 नवम्बर को रुक्मिणी विवाह तथा 21 नवम्बर को सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया जाएगा। वहीं 22 नवम्बर, रविवार को हवन, पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा। आयोजन में कुल पुरोहित पं. रामदेव मिश्र, यज्ञाचार्य पं. ब्रह्मानंद त्रिपाठी सहित अन्य विद्वान आचार्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। आयोजक परिवार शैलेंद्र पांडेय आदि ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने तथा पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।